JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No :** 0141-2822760

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

2021 / 04 / 355–प्रेस विज्ञप्ति दिनांक : 28.04.2021

आज दिनांक 29.04.2021 से

जयपुर मेट्रो की ट्रेन सेवा प्रातः 06:20 से 11:00 बजे तक हर 10 मिनट एवं 11:00 बजे से सांय 5:30 बजे तक हर 20 मिनट के अंतराल में।

जयपुर 28 अप्रैल। जयपुर जिले में कोरोना संक्रमण के तीव्र प्रसार को देखते हुए इसके प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु राज्य सरकार के आदेशानुसार दिनांक 19.04.2021 से 03.05.2021 तक संपूर्ण प्रदेश में जन अनुशासन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। प्रतिदिन कोविड संक्रमितों की बढ़ती संख्या की स्थिति में महामारी के प्रसार की इस श्रृंखला को प्रभावी ढंग से तोड़ना आवश्यक है। इस दौरान सभी प्रकार के खाद्य प्रदार्थ एवं किराने का सामान, आटा, चक्की व संबंधित खुदरा, (रिटेल / थोक, होलसेल) दुकाने, पेट्रोल पंप आदि प्रातः 06:00 बजे से 11:00 बजे तक खुले रहेगें।

जन अनुशासन पखवाड़े की अनुपालना में जयपुर मेट्रो की ट्रेन सेवा प्रातः 06:20 से 11:00 बजे तक 10 मिनट के अंतराल में एवं 11:00 बजे से सांय 5:30 बजे तक प्रत्येक 20 मिनट के अंतराल में चलेगी और लागू आदेशों के तहत् बड़ी चौपड़ से मानसरोवर एवं मानसरोवर से बड़ी चौपड़ हेतु अंतिम ट्रेन सांय 5:30 बजे तक चलेगी।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अजिताभ शर्मा ने बताया कि मेट्रो परिचालन की यह व्यवस्था राज्य सरकार के आगामी आदेशों तक बनी रहेगी। मेट्रो में सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने का पूरा इंतजाम किया गया है। मेट्रो में यात्रा के दौरान स्वीकृत मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) को शत–प्रतिशत लागू करने हेतु मेट्रो कर्मचारी एवं मेट्रो पुलिस मौजूद रहेंगे। जयपुर मेट्रो प्रशासन द्वारा कोविड–19 की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी समस्त निर्देशों की सख्ती से पालना की जाएगी तथा बिना मास्क के यात्रा नहीं की जा सकेगी।

जनसम्पर्क अधिकारी